राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–304/2023

राज्यपाल की ओर से उत्तरकाशी सुरंग से सकुशल वापसी पर बिहार के मजदूरों का स्वागत किया गया

पटना, 02 दिसम्बर, 2023 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर की ओर से उत्तरकाशी सुरंग से सकुशल बाहर आए बिहार के सभी 05 मजदूरों को उनके गृह जिला के इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी की जिला इकाई द्वारा पुष्प–गुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत किया गया तथा उन्हें मिठाईयाँ एवं अन्य चीजें भेंट की गईं।

उल्लेखनीय है कि उत्तरकाशी सुरंग से सकुशल बाहर आए कुल 41 मजदूरों में से 05 बिहार के हैं, जिनमें बाँका के श्री बीरेन्द्र किस्को, रोहतास के श्री सुशील कुमार, भोजपुर के श्री सबाह अहमद, सारण के श्री सोनू कुमार साह एवं मुजफ्फरपुर के श्री दीपक कुमार शामिल हैं।

....